हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 31 दिसंबर 2025

12 जिले में 2.63 लाख से अधिक लाभार्थी ले रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ



12 18 जनवरी को परिवहन मंत्री आवास पर अंबाला छावनी में होगा न्याय मार्च




2026 के स्वागत को शहर तैयार

# आज रात शहर के होटल और रिसॉर्ट बनेंगे जश्न के केंद्र, युवाओं व फैमिली के लिए अलग इवेंट, मेगा सेलिब्रेशन की तैयारी, होगा नववर्ष का जारेदार स्वागत

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

नए साल के स्वागत का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। स्कूलों में विंटर वेकेशन होने के साथ ही शहर में जश्न का माहौल बनने लगा है। इस बार फतेहाबाद में सिर्फ न्यू ईयर पार्टियां ही नहीं, बल्कि कुछ नए और अलग ट्रेंड भी देखने को मिल रहे हैं। पारंपरिक डीजे नाइट्स के साथ-साथ भजन, कीर्तन जैसे आध्यात्मिक आयोजनों ने भी लोगों का ध्यान खींचा है। वहीं सूफी, कव्वाली और गजलों से सजी म्यूजिकल नाइट्स के जरिए नए साल का स्वागत करने की तैयारियां की जा रही हैं। शहर के प्रमुख होटलों और इवेंट वेन्यू पर कॉन्सर्ट, म्यूजिकल कार्निवल और फेस्टिवल्स का आयोजन किया जा रहा है।



फतेहाबाद। बीघड़ रोड स्थित शैपाबी रिसोर्ट्स। फोटो: हरिभूमि

युवाओं के लिए जहां मास्क पार्टी, हाई-वोल्टेज डीजे नाइट और लाइव म्यूजिक का इंतजाम है, वहीं नए साल की तैयारियों को लेकर होटल सज गए हैं। परिवारों और कपल्स के लिए अलग-अलग थीम और कॉन्सेप्ट पर खास पार्टियां रखी गई हैं। न्यू ईयर सेलिब्रेशन को यादगार बनाने के लिए हर उम्र और हर पसंद को ध्यान में रखते हुए विकल्प तैयार किए गए हैं। शहर के बड़े होटलों, रिसॉर्ट पर डीजे नाइट, लाइव बैंड और मिडनाइट काउंटडाउन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शहर के बीघड़ रोड स्थित शैपाबी फार्म हाऊस, रतिया रोड स्थित कच्ची हवेली में खास कार्यक्रम अरेंज किए गए हैं।

## नए साल पर दुर्लभ संयोग

फतेहाबाद। नववर्ष 2026 का पहला दिन इस बार कई मायनों में खास रहने वाला है। करीब 13 साल बाद पहली जनवरी वीरवार को पड़ेगी। वीरवार से साल की शुरुआत पूरे साल के लिए शुभ मानी गई है। यह साल व्यापार, शिक्षा और नए कार्यों की शुरुआत के लिए बेहद शुभ माना जा रहा है। श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि इस दिन रोहिणी नक्षत्र रहेगा और साथ ही प्रदोष व्रत का संयोग भी बनेगा। ऐसे में धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से पहली जनवरी का महत्व और बढ़ गया है। वीरवार का संबंध देवगुरु बृहस्पति से होता है, जिन्हें धन, ज्ञान, धर्म और प्रगति का कारक माना गया है। वहीं रोहिणी नक्षत्र को उन्नति, स्थायित्व और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। जब वीरवार को रोहिणी नक्षत्र का संयोग बनता है, तो इसे व्यापार और नए कार्यों की शुरुआत के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

## नए काम के लिए खास



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार एक जनवरी को प्रदोष व्रत भी है। प्रदोष व्रत भगवान शंकर को समर्पित होता है और इसे अत्यंत फलदायी माना गया है। इस दिन भगवान शंकर का पूजन दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। इसके बाद प्रदोष काल में शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। प्रदोष व्रत के चलते कई लोग इस दिन उपवास भी रखेंगे। मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की जा रही हैं। शाम के समय भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया जाएगा। पंडित सोनू शर्मा ने कहा कि वीरवार, रोहिणी नक्षत्र और प्रदोष व्रत का एक साथ आना दुर्लभ संयोग माना जाता है। ऐसे योग हर साल नहीं बनते। इसलिए यह दिन धार्मिक कार्यों के अलावा नए काम की शुरुआत के लिए भी खास है।

## कच्ची हवेली में सरताज संधू व शैपाबी में वीनू गौड़ देंगे प्रस्तुति

स्थानीय होटल्स में युवाओं को नए साल की शुरुआत अलग तरीके से करने का मौका देते हुए बॉलीवुड और भगड़ा म्यूजिक का तडका लगाते हुए डीजे आर्टिस्ट परफार्म करेंगे। वहीं नए साल के लिए युवाओं में डांस पार्टी का क्रेज है। कच्ची हवेली में आयोजित कार्यक्रम में शानदार स्टेज, लाइट्स और स्पेशल एफएक्स के साथ इस जश्न को आयोजित किया जाएगा। इसमें कपल एंट्री के साथ-साथ फूड और बेवरेज की भी व्यवस्था की गई है। यहां प्रसिद्ध गायक सरताज संधू परफॉर्मेंस देंगे वहीं बीघड़ रोड स्थित शैपाबी फार्म हाऊस पर वीनू गौड़ व दीप लोट अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगे। नेशनल हाइवे 9 पर गांव धांगड़ के पास स्थित कमल कीकू रेस्टोरेंट पर भी नए साल पर विशेष तैयारियां की गई है वहीं कई जगह फैमिली के लिए म्यूजिक और सेलिब्रेशन का एलिगेंट अंदाज के लिए शांत और प्रीमियम माहौल भी दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नकली करंसी मामले में एक अन्य युवक काबू

फतेहाबाद। नशे व नकली करंसी से जुड़े मामले में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने एक अन्य आरोपी को काबू किया है। यह गिरफ्तारी पहले से काबू किए गए आरोपी से की गई पूछताछ के आधार पर की गई है। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार आरोपी जंगीर राम पुत्र पुन्नु राम को माननीय न्यायालय में पेश किया जा चुका है। उसकी पूछताछ के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने मनोज कुमार पुत्र भजनलाल निवासी भरपूर को काबू किया है। तलाशी के दौरान आरोपी मनोज कुमार के कब्जे से एक प्रिंटर बरामद किया गया है।

### नकली, मिक्स धान बीज बेचने का आरोपी पकड़ा

फतेहाबाद। किसानों को नकली, मिक्स धान का बीज बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सचिन मेहता पुत्र नवीन मेहता निवासी चिम्मो के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे प्रवीन कुमार, विनोद कुमार, अनूप कुमार और सुमित कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी और उसकी कंपनी न्यू मेहता ट्रेडिंग कंपनी, रतिया ने उन्हें करनाल सीड्स कंपनी का 212 धान का बीज 150 किलो प्रति ग्राहक दर पर बेचा, जो नकली/मिक्स धान के बीज थे।

### भूमि हड़पने के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

टोहाना। सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अवैध कब्जा करने की साजिश के एक मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान राहुल पुत्र अमरजीत सिंह तथा पारुल पुत्र अमरजीत सिंह निवासी मडिय़ा वाली गली, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि नगर परिषद् टोहाना के कार्यकारी अधिकारी द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया।

### हेरोइन सहित एक पकड सप्लायर भी दबोचा

सिरसा। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने रानियां क्षेत्र से एक युवक से 6 ग्राम 62 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान कुलदीप पुत्र दयाल सिंह निवासी गांव बणी जिला सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव बणी की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर वापस खिसकने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ा अपार्टी ने उक्त युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6 ग्राम 62 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में संलिप्त सप्लायर सन्नी पुत्र हरजिंद्र को तरनतारण पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है।

## गोशाला विवाद : एसडीएम बोले- सारे पटवारी ना बणो, एक आदमी बताओ

# गुस्साए लोगों ने एसडीएम मुर्दाबाद के लगाए नारे, जमकर हुई तू-तू, मैं-मैं



रतिया। कमेटी सदस्यों से बातचीत करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि



रतिया। एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी करते गौशाला कमेटी सदस्य। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

शहर में पुरानी गोशाला और श्रीकृष्ण गोशाला के बीच चल रहा विवाद आज सुलझने की बजाय ज्यादा उलझ गया।

**विवाद सुलझने की बजाय और उलझा**

दोनों पक्षों में समझौते को लेकर बुलाई गई बैठक में कुछ लोग इकट्ठा होकर अपनी बात रखने लगे तो एसडीएम ने कहा, 'सारे पटवारी ना बणो, एक आदमी बताओ।' इसके बाद लोगों में उनके खिलाफ रोष फैल गया और उन्होंने एसडीएम मुर्दाबाद और हरियाणा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाकर रोष जताना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही एएसपी दिव्यांशी सिंगला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और लोगों को शांत करवाया। बता दें कि रतिया शहर में दो गोशालाएं हैं, जिनमें एक प्राचीन गोशाला और दूसरी श्रीकृष्ण गोशाला है। प्राचीन गोशाला से जुड़े लोगों का आरोप है कि श्रीकृष्ण गोशाला की कमेटी के लोग प्राचीन गोशाला की जगह को बेचना चाह रहे हैं। इस विवाद में कुछ दिन पहले रतिया थाने में भी पंचायत हुई थी। वहां भी हंगामा हो गया था। इसी मामले को लेकर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, एएसपी दिव्यांशी सिंगला, सिटी एसएचओ पुष्पा सिहाग पटवारी को साथ लेकर मौके का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्राचीन गोशाला से जुड़े लोगों से पूरा मामला बताने के लिए कहा।

### प्राचीन गोशाला प्रधान का पक्ष

इस पर प्राचीन गोशाला के प्रधान बंटी कंबोज ने कहा कि यहां तीन एकड़ जमीन है, जो दान दी हुई है। दान की हुई जमीन को बेच नहीं सकते। इस पर एसडीएम ने कह दिया कि, अरे बेच कौन रहा है, पहले यह बताओ मेरे को। आपके पास क्या प्रूफ है बेचने का। मेरे को ये बता कि फ्लाने आदमी ने बेच दी। इस पर लोगों ने कहा कि हमारी तो सुन ही नहीं रहे। यह गलत बात हो रही है। हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। धक्का हो रहा है। इसके बाद एसडीएम ने कहा कि सारे पटवारी मत बणो, एक आदमी बताओ। यह सुनकर वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार जाने लग गए, तो एसडीएम ने कह दिया जाने दो, कोई बात नहीं। इस पर अशोक ने कहा कि मैं चला जाऊंगा तो यहां कोई खड़ा नहीं रहेगा। इसके बाद सभी लोग जाने लगे और उन्होंने एसडीएम मुर्दाबाद और हरियाणा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद एएसपी दिव्यांशी सिंगला और सिटी एसएचओ पुष्पा सिहाग ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। कमेटी सदस्य बोले कि हमें 25 साल हो गए गोशाला चलाते हुए। एसडीएम बेइज्जती कर रहे हैं। इसे सहन नहीं करेंगे। इसके बाद फिर से एसडीएम सुरेंद्र सिंह को कमेटी सदस्यों ने पूरी बात समझाई।

### प्रधान बोले: 1962 से चल रही प्राचीन गोशाला

प्राचीन गोशाला के प्रधान बंटी सिंगला ने बताया कि साल 1962 से प्राचीन गोशाला चल रही है। यहां जगह टाइट हो गई तो गोशाला दूसरी जगह चली गई। यहां 200 साल पुराना मंदिर भी बना हुआ है। हमने 70-80 लाख रुपए यहां लगाए हैं। श्रीकृष्ण गोशाला के नाम से कमेटी 1993-94 में बनी है। 15 सदस्य कमेटी बनाकर बैठे हैं। उन्होंने जगह बेचनी निकाली हुई है। पहले जमीन बेच दी गई थी। उस पर 25-30 लोगों के मकान बने हुए हैं। हमने जमीन बेचने नहीं देंगे। शहर की पब्लिक भी हमारे साथ है। हमारी कमेटी व समाज के लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई कि हमारे साथ धक्का न किया जाए। कुछ लोग सरकार व प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं। इससे सरकार की छवि खराब होती है।

### आरोप : एसडीएम दबाव बना रहे

कमेटी के वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार ने बताया कि प्राचीन गौशाला को श्रीकृष्ण गौशाला कमेटी बंद करवाना चाहती है। प्राचीन गौशाला की जगह दान दी हुई जगह है। श्रीकृष्ण गौशाला कमेटी वाले सरकार से फोन करवा देते हैं, इसलिए एसडीएम हमारे ऊपर दबाव बना रहे हैं। गौ सेवा होने नहीं दे रहे हैं। एसडीएम के दफ्तर गए थे, तब भी हमें धमकाने का प्रयास किया गया। अभी तक एसडीएम की कार्रवाई से हम संतुष्ट नहीं है। हमारे साथ ज्यादती हुई तो हम धरना प्रदर्शन करेंगे। एसडीएम कार्यालय के बाहर मरण व्रत भी रखेंगे।



सिरसा। नववर्ष को लेकर चौक-चौराहों पर तैनात पुलिस कर्मचारी।

# जश्न की आड़ में हुड़दंग मचाया तो खैर नहीं

- सुरक्षा के मद्देनजर 40 नाके लगाए, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे पुलिस जवान : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि नववर्ष पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने कड़े प्रबंध किए हैं। जिले में करीब 40 नाके लगाए गए हैं और चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर जश्न की आड़ में हुड़दंग मचा कर शांति भंग करने वाले पुलिस के रडार पर रहेंगे। एसपी ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन न चलाए और हुड़दंग बाजी कर उत्पाद मचाने वालों तथा सार्वजनिक जगह पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों या कमेंट्स करने वालों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

एसपी ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा देना पुलिस की पहली प्राथमिकता रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस कर्मी सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे, कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। उन्होंने कहा कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शहर में शाम से ही लोग नए साल के जश्न के लिए पहले ही बाजारों में खरीदारी करने निकल पड़ते है, जिसके चलते प्रमुख बाजारों में भारी भीड़ और जाम की स्थिति रहती है। उन्होंने नए साल की पूर्व संध्या को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि शराब के नशे में वाहन चलाने वालों और होटलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कर्मियों को सादी वर्दी में भी तैनात किया जाएगा ताकि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख सकें।

### 40 नाके लगाए

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय व अंतर राज्य सीमाओं पर करीब 40 नाके लगाए गए हैं ।नाकों से होकर गुजने वाले प्रत्येक व्यक्ति व वाहनों पर पुलिस की पैनी नजर रहगी। इसके अलावा स्थानीय बाजारों में पुलिस की पीसीआर, मोटरसाइकिल राइडर,डायल 112 ईआरवी मुख्य रूप से भीड़भाड़ वाले स्थान पर लगातार गश्त पर रहेंगे। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नव वर्ष के उपलक्ष्य में यदि कोई बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे छोड़ कर दहशहत फैलाने की कोशिश करता है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

# रहेगा खाकी का पहरा 140 जवान तैनात किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि नववर्ष का आगमन उल्लास, उमंग और खुशियों का प्रतीक है, किंतु इसकी आड़ में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, हुड़दंगबाजी अथवा कानून व्यवस्था भंग करने के प्रयास को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी ने बताया कि नववर्ष के दौरान आमजन की सुरक्षा, शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस द्वारा नववर्ष उत्सव के समापन तक विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। इस अवधि में सार्वजनिक स्थलों एवं सडक़ों के किनारे शराब पीने, वाहनों के साइलेंसर से पटाखे फोडऩे, तेज आवाज कर ध्वनि प्रदूषण फैलाने तथा किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नववर्ष के अवसर पर शराब के नशे में सार्वजनिक स्थानों एवं मुख्य मार्गों पर उपद्रव करने वाले शरारती तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिलेभर में व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। जिला फतेहाबाद के अंतर्गत प्रमुख होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों एवं धर्मशालाओं पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। एसपी ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में 35 विशेष पुलिस नाके लगाए गए हैं।

**जिले में 35 विशेष पुलिस नाके स्थापित किए गए**



एसपी सिद्धांत जैन।

## इस बार जिले में धुंध का ज्यादा असर, दृश्यता घटकर मात्र 5 मीटर तक पहुंची

आज रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव

# आज से बदलेगा मौसम, हल्की बारिश की संभावना, न्यूनतम पारा 7 डिग्री तक लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में लगातार बढ़ रही ठंड के कारण अब लोगों को केवल सुबह-शाम ही नहीं, बल्कि पूरे दिन ठंड का अहसास हो रहा है। ठंड बढऩे के साथ ही धुंध का प्रभाव भी तेज हो गया है। मंगलवार को जिले में चौथी बार धुंध छाई, लेकिन इस बार धुंध का असर सबसे ज्यादा रहा। मंगलवार को दोपहर तक गहरी धुंध छाई रही, जिससे दृश्यता घटकर मात्र 5 मीटर तक पहुंच गई। इसके चलते आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकतम तापमान 20 व न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया। गहरी धुंध के कारण सडक़ों पर वाहन चालकों को बेहद सतर्क होकर चलना पड़ा। कई स्थानों पर लोग अपने गंतव्य तक देर से पहुंचे। स्कूली बसें अपने निर्धारित समय से 15 से 20 मिनट देरी से चलीं। रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों को भी बस स्टैंड पर इंतजार करना पड़ा। दिल्ली और चंडीगढ़ से फतेहाबाद रूट की बसें करीब एक 2 घंटे मिनट लेट रहीं। वहीं, रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। जिले के भट्टू, जाखल व टोहाना रेलवे स्टेशन से नियमित ट्रेनों भी 3 स 4 घंटे देरी से चल रही है। यदि जिले में धुंध की बात करें तो पहली धुंध 14 दिसंबर को छाई थी। इसके बाद 19 दिसंबर और 21 दिसंबर को भी धुंध का असर देखा गया था, जो लगभग पूरे दिन रहा। इसके करीब दस दिन बाद मंगलवार को एक बार फिर गहरी धुंध छाई रही। एचएयू हिसार मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार प्रदेश में मौसम आमतौर पर 2 जनवरी तक परिवर्तनशील रहेगा। 31 दिसंबर से एक और पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 31 दिसंबर रात्रि से 1 जनवरी के दौरान राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बादलवाई छाई रहेगी।



फतेहाबाद। धुंध की आगोश में शहर। फोटो: हरिभूमि



### धुंध बनी रही तो फसलों को फायदा होगा

कृषि विशेषज्ञ राजपाल ने बताया कि दिसंबर में कम धुंध पडऩे के कारण किसान चिंतित थे, लेकिन सोमवार व मंगलवार की धुंध से उन्हें राहत मिली है। धुंध से दिन और रात के तापमान में संतुलन बना रहता है, जिससे फसलों में फुटाव बेहतर होता है और सिंचाई की आवश्यकता भी कम पड़ती है। यदि आगे भी धुंध बनी रहती है तो फसलों को फायदा होगा।



# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टाटर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।



लाइफ Style

# मृणाल

## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।

हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन' साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन' अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

टीवी मसाला

# इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी मेरे साथ ये सब मत करना

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट अचानक पैपराजी पर गुस्सा हो गईं। इसके बाद उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई। बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट शो के पूरा होने के बाद भी लगातार चर्चाओं में रहती हैं। यही कारण है कि जब भी फरहाना बाहर निकलती हैं,



पैपराजी उनको घेर लेते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब फरहाना शहर में निकलीं तो पैप्स उनके पीछे लग लिए। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिससे फरहाना का पारा हाई हो गया और वो पैप्स पर नाराज हो गईं। इसके बाद वो पैप्स को नसीहत देते भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक आउटफिट में फरहाना एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आ रही हैं। इस दौरान वो पैपराजी से बातचीत भी करती हैं। लेकिन तभी फरहाना पैप्स को फटकार भी लगाती हैं और उनके कमेंट पर आपत्ति जताती हैं। दरअसल, इस दौरान एक पैपराजी कहता है, 'लगता है चढ़ गई है।' फरहाना पैपराजी के इस कमेंट को सुन लेती हैं। इसके बाद वो पैप्स को फटकार लगाते हुए कहती हैं, 'क्या बोल रहे थे अभी? पिया है, पी रखी है, कुछ तो ऐसा बोल रहे थे ना। मेरे सामने ये सब दोबारा मत करना। मैं मस्ती-मजाक में प्यार करती हूं। इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी। ऐसी टिप्पणियां करके मुझसे मजाक न करना।' हालांकि, फरहाना इसके बाद भी पैपराजी को प्यार से हाथ हिलाकर अपनी कार में बैठ गईं।

## सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं।'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे। अभी शो का सिर्फ प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में ही सुनील ग्रोवर आमिर खान बनकर पहुंचते हैं। आमिर के गेटअप में सुनील ने मेहमानों से बातचीत करते हुए उनकी कई शादियों पर चुटकुले सुनाए और रिश्तों को लेकर सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने कार्तिक और अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल का भी मजाक उड़ाया। इसका प्रोमो सामने आया है और इसमें सुनील ग्रोवर को आमिर के गेटअप में देखकर फैंस हैरान रह गए।



# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

***पंचायत सीजन 5*** : गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

***गुल्लक सीजन 5*** : मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है।










***हीरामंडी सीजन 2*** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

***फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2*** : भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

***तस्करीः द स्मगलर्स वेब*** : क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

*मुंबई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।*



## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा


*नई दिल्ली। साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्जीच' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।







**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।

**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।

**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### गुजवि को उत्कृष्टता स्वर्ण पुरस्कार मिला

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। विश्वविद्यालय को हरियाणा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन उत्कृष्टा स्वर्ण पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को पंचकूला स्थित स्वर्ण जयंती भवन में हरियाणा राज्य उच्चत्तर शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हरियाणा राज्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन में उत्कृष्टता सम्मान समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर हरियाणा राज्य शिक्षा परिषद के निदेशक डा. के.सी. शर्मा, उच्च शिक्षा विभाग के विनीत गर्ग, एसीएस व मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी डा. राज नेहरू उपस्थित रहे।

### मनरेगा बचाओ मोर्चा का 30 जनवरी को दिल्ली कूच

**हिसार।** मनरेगा बचाओ मोर्चा की संयुक्त बैठक मंगलवार दोपहर जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में हिसार, फतेहाबाद, कैथल, हांसी और पानीपत जिलों की मजदूर यूनियनों एवं मेट संगठनों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से मनरेगा को पुनः प्रभावी ढंग से लागू करने तथा 30 जनवरी को दिल्ली कूच का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में करतार सिंह, नाथूराम, करमजीत, सुनील मैडल, शारदा देवी, सिकंदर, राजेश चौबारा, अनिल सिमला, बलजीत, अमन, रवि, कृष्णा तथा पानीपत से बलवान सहित कई मजदूर-किसान संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

### नशा मुक्ति को लेकर चंदन नगर में रैली

**हिसार।** सुशीला भवन रोड स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे एनएसएस कैंप के दूसरे दिन प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ किया। सुबह वालंटियर्स ने पीटी की। इसके बाद लक्ष्य गीत और वंदे मातरम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने वालंटियर्स को जीवन में स्वच्छता अपनाने व स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने तथा नशा जैसी कुरीति से दूर रहने का आह्वान किया। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी संतोष ओला ने वालंटियर्स को नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई। इसके पश्चात नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए शहर में रैली निकाली गई।

### कार्रवाई की मांग पर उपायुक्त को ज्ञापन

**हिसार।** उकलाना क्षेत्र में ओल्ड एरिया आदर्श नगर के नाम पर बिना किसी वैध अधिसूचना के अधिकृत कॉलोनी दर्शाकर की जा रही रजिस्ट्रियों के मामले को लेकर मंगलवार को उपायुक्त महेंद्र पाल को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही इस प्रकरण की जांच एवं कार्रवाई के लिए माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व), महानिदेशक राजस्व विभाग, महानिदेशक शहरी स्थानीय निकाय विभाग, महानिदेशक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, राज्य सतर्कता ब्यूरो तथा राज्य रजिस्ट्रेशन महानिरीक्षक को भी ज्ञापन भेजा गया है।

### हेरोइन बेचने की फिराक में घूम रहा तस्कर काबू

**हांसी।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत सीआईए पुलिस ने 40 ग्राम हेरोइन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बाबा बंदा बहादुर कॉलोनी निवासी गौरव के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ में तैनात पीएसआई कपिल देव ने बताया कि गश्त के दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। एक व्यक्ति शहीद स्टेडियम हांसी के पास नशीले पदार्थ की सप्लाई करने की फिराक में था। सूचना की पुष्टि के बाद पीएसआई कपिल देव के नेतृत्व में एक टीम ने मौके पर दबिश दी।

## हिसार-सिरसा नेशनल हाइवे पर हादसा

# कार सवार परिवार के 9 लोग और चालक बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार-सिरसा नेशनल हाइवे पर मंगलवार की दोपहर बाद केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के पास बड़ा हादसा हो गया। सिरसा की ओर से आ रही एक कार साउथ बाइपास से टर्न कर रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में एक ही परिवार के 9 लोग और ड्राइवर बाल-बाल बच गए इसमें दो बच्चे भी शामिल थे। हादसे के बाद मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई और ट्रक ड्राइवर को साइड में ले जाकर उससे धक्का-मुक्की और मारपीट की। भीड़ में ही शामिल कुछ लोगों ने ट्रक ड्राइवर को छुड़वाया।हादसे के कारण नेशनल हाइवे पर एक किलोमीटर तक वन साइड लेन में जाम लग गया। पुलिस ने भीड़ को साइड में कर वाहनों को सुचारू करवाया।

- हादसे के कारण नेशनल हाइवे पर एक किलोमीटर तक वन साइड लेन में लगा जाम

कार चालक अमित ने बताया कि वह सिरसा के गांव बकरियां वाला का रहने वाला है और आज ही हिसार से लोकल सवारियां बैठाकर पानीपत जा रहा था। उसने सर्विस लेन से मेन हाइवे पर जाने की कोशिश की तो इसी दौरान ट्रक ड्राइवर ने ट्रक को तेजी से मोड़ दिया और इस दौरान उसकी गाड़ी ट्रक के नीचे आ गई। हादसे के समय गाड़ी सवारियों से भरी हुई थी। एक ही परिवार के सभी लोग थे।

## सड़क हादसे में 23 दिन बाद पुलिस जांच शुरू, पिकअप ने रौंदा था बुजुर्ग को, घायल की अभी तक हालत नाजुक

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गढ़ी गांव में 23 दिन पूर्व एक बुजुर्ग को एक वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हिट एंड रन मामले में 23 दिन बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। फतेहाबाद के दैयड़ निवासी घायल जसवंत की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने घायल के बेटे धर्मवीर सिंह के बयान पर मामला दर्ज किया है।

### सर्विस रोड पर पैदल चल रहे बुजुर्ग को मारी थी टक्कर

बता दें कि घटना गढ़ी बस स्टैंड के पास सर्विस रोड 7 दिसंबर को सुबह करीब 10 बजे हुई थी। बुजुर्ग जसवंत पैदल चल रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार छोटे हाथी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर अपने वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह वाहन गढ़ी गांव के जसवंत जाखड़ का है, जो टेंट हाउस का व्यवसाय करते हैं।

### राहगीरों ने पहुंचाया था अस्पताल

हादसे के बाद मौके पर घायल को तुरंत कोई चिकित्सिय सहायता नहीं मिली। बस स्टैंड पर मौजूद लोगों ने जसवंत की जेब से मिले पते के आधार पर उनके परिजनों को सूचना दी और 112 नंबर पर कॉल किया। एम्बुलेंस पहुंचने से पहले राहगीरों ने उन्हें हांसी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के कारण उन्हें हिसार रेफर कर दिया गया।

### शरीर पर पांच गंभीर चोटें दर्ज

एमएलआर में डॉक्टरों ने जसवंत के शरीर पर पांच गंभीर चोटें दर्ज की हैं। पुलिस ने इलाज के दौरान कई बार उनके बयान लेने का प्रयास किया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें बयान देने के लिए अनफिट बताया। फिलहाल, घायल की हालत में कोई खास सुधार नहीं है और वे अभी भी किसी को पहचान नहीं पा रहे हैं।

### घायल का बेटा सेना में सूबेदार

घायल के बेटे धर्मवीर सिंह भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर दिल्ली में तैनात हैं, पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि हादसे के बाद से उनके पिता की याददाश्त चली गई है। छुट्टी न मिलने के कारण वे स्वयं थाने नहीं आ सके और उन्होंने वॉट्सऐप के माध्यम से अपना बयान भेजा।

### केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

बास थाना के अंतर्गत आने वाली सोरखी पुलिस चौकी की जांच में मेडिकल रिपोर्ट व बयानों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 125 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

*हिसार आयुक्त से मांगा वार्षिक खर्च-पदों का ब्योरा, 2 दिन में देनी होगी जानकारी*

# हांसी को नया जिला बनाने की प्रशासनिक प्रक्रिया तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हरियाणा का 23वां जिला हांसी बनने के बाद अब सरकार ने अगला कदम बढ़ा दिया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में औपचारिक पत्र जारी कर दिया है, जिससे जिला गठन के बाद की प्रक्रिया तेज हो गई है। सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार हांसी को 23वां जिला बनाया है। इसके तहत संबंधित विभागों से नए जिले के गठन पर आने वाले वित्तीय व्यय, पदों के सृजन और वार्षिक खर्च का विस्तृत प्रस्ताव मांगा गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वित्त विभाग की बजट एवं समिति शाखा द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी प्रस्ताव ई-पोस्ट सैंक्शन प्रणाली के माध्यम से भेजे जाएंगे। प्रस्तावित पदों, वेतनमान और उन पर होने वाले कुल वार्षिक खर्च का पूरा ब्योरा देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, नए जिले के लिए सृजित किए जाने वाले पदों की संख्या, उनके वेतन और यह खर्च किस बजट मद से वहन किया जाएगा, इसकी जानकारी भी 2 दिन के भीतर ई-मेल के माध्यम से भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### समय पर पूरी होगी प्रक्रिया : एसडीएम



एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि राजस्व विभाग ने आयुक्त, हिसार को इस मामले में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि हांसी जिले के गठन से संबंधित प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सके। नया जिला बनने से क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक सुविधाएं और तेज होंगी, साथ ही विकास कार्यों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

### आयुष विभाग के योग सहायक कर्मचारियों के स्वास्थ्य दाता बनें



**नारनौंद।** हिसार के जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ धर्मपाल पुनियां के निर्देशन एवं जिला योग कोर्डिनेटर डॉ बलराज व योग स्पेशलिस्ट पूजा के मार्गदर्शन में आयुष योग सहायक एवं ब्लॉक नारनौंद के योग कोर्डिनेटर दलशेर आर्य ने आरोही माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी लोहचब के सभी अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों को योग ब्रेक के दौरान योग कि क्रियाएं सिखाई। इस दौरान ध्यान विधि के माध्यम से शरीर एवं मन को कैसे स्वस्थ बनाएं उसकी विधि बताई। स्कूल के प्राध्यापक विकास कुमार को जो सर्वाइकल से पीड़ित थे उनको एक्यूप्रेशर बिंदु बताए गए। दलशेर आर्य ने प्रैस किया तो उसके सर्वाइकल रोग में राहत महसूस की। इसके साथ साथ सर्दियों में खान-पान और अन्य स्वास्थ्य संबंधित प्रश्न जब शिक्षकों ने पूछे तो उनका मार्गदर्शन करते हुए पौष्टिक आहार के बारे में बताया। इस दौरान विद्यालय इंचार्ज अमित कुमार, विनोद कुमार, विकास कुमार, रविन्द्र कुमार, सुदेश, शालू, पूनम आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नववर्ष पर पुलिस रहेगी सतर्क, हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**हिसार।** पुलिस ने नववर्ष-2026 के आगमन पर 31 दिसम्बर की रात्रि को आमजन द्वारा नववर्ष उत्सव मनाने के मध्यनजर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के व्यापक प्रबन्ध किए है। जश्न के नाम पर हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए विशेष टीम गठित की गई है। उधर, एसपी शशांक कुमार सावन ने आमजन से अपील की है कि सभी नागरिक नववर्ष उत्सव को बड़ी धूमधाम और शांतिपूर्वक मनाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व शराब व अन्य नशा करके सार्वजनिक स्थानो पर हुड़दंगबाजी करते है जो गलत है। इन्ही असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए जिले के सभी थाना प्रबन्धकों व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये है कि उनके अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले होटल, बार, धर्मशाला, पार्क, सिनेमा हॉल, मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर कड़ी निगरानी रखेंगे तथा पीसीआर/राइड़र से भी अपने-अपने इलाको में प्रभावी पैट्रोलिंग करवाएंगे तथा मानकों से अधिक ऊंची आवाज में डीजे साउंड या पटाखे बजाने वालों के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत कार्रवाई करेंगे।



शशांक कुमार सावन, एसपी, हिसार।

### अशोक जैन लगातार दूसरी बार बने तुलसी कल्याण केन्द्र के प्रधान

**हांसी।** तुलसी कल्याण केन्द्र के सभी सदस्यों की जैन श्वेताम्बर तेरापंथी प्रीतम जैन की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का उद्देश्य तुलसी कल्याण केन्द्र के प्रधान का चुनाव करना था। मीटिंग में सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार अशोक जैन (पतंजलि वाले) को प्रधान चुना गया तथा कल्याण केंद्र की कार्यकारिणी के गठन का अधिकार भी प्रधान अशोक जैन को दिया गया। इस अवसर पर प्रीतम जैन, शीतल जैन, सुभाष जैन, धनराज जैन, रमेश खेडी वाले, विनोद बांस वाले, प्रवीण जैन (अनाज मण्डी वाले), सुशील जैन (जैन एग्रो वाले), सतभूषण जैन (माढे वाले), जितिन जैन प्रधान तेरापंथ युवक परिषद हांसी, दिशांत जैन आदि उपस्थित थे।



अशोक जैन।

### भाजपा सरकार में 1500 करोड़ का पर्ची घोटाला सामने आया : सोरखी

**हांसी।** आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि हरियाणा की पर्ची-खर्ची वाली सरकार के बड़बोले मंत्री अनिल विज के श्रम विभाग में 1500 करोड़ का पर्ची घोटाला हुआ है, स्वयंभू ईमानदार सैनी सरकार पोल खुलने के डर से अपराधियों को सुरक्षा कवच देने और मामले को दबाने की तिकड़मबाजी में जुटी है। पार्टी के जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि श्रम विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल विज के इस विभाग में अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच जारी की गई वर्क-स्लिपों में भारी गड़बड़ी हुई। मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछली सरकार के दौरान उप मुख्यमंत्री रहे दुष्यंत चौटाला व सरकार में श्रम विभाग के मंत्री रहे अनूप धानक का कार्यकाल भी संदेह के घेरे में आ गया है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि 13 जिलों में हुई जांच में लगभग 5.99 लाख वर्क-स्लिप में से सिर्फ 53 हजार ही सही पाई गईं, जबकि 5.46 लाख से ज्यादा फर्जी निकलीं। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की तह तक जाकर जांच की जाए।



राजेंद्र सोरखी।

### अरावली संरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य : सुरेश गोयल

**हिसार।** अरावली पर्वत माला को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने पूर्व निर्णय पर रोक लगाए जाने के आदेश को भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरेश गोयल धूप वाला ने संतुलित और दूरदर्शी कदम बताते हुए इसका स्वागत किया है। उन्होंने कहा की यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अरावली पर्वत श्रृंखला का संरक्षण न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से आवश्यक है, बल्कि यह क्षेत्र जल संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। न्यायालय का यह आदेश राज्यों को तथ्यात्मक और वैज्ञानिक आधार पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर देगा, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रांतियां दूर होंगी।

### बैंकिंग इंडस्ट्री में 5 दिन कार्य सप्ताह को लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन



**हिसार।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बैनर तले राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के तहत बैंक कर्मचारियों ने आज यहां जाट कॉलेज रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने प्रदर्शन किया। वे बैंकों के लिए 5 दिन के वर्किंग वीक को लागू करने की मांग कर रहे थे। यूनियन नेताओं ने बताया कि यह मुद्दा और हमारी मांग काफी पुरानी है। ब्रांचों में कर्मचारियों और अधिकारियों पर बढ़ते तनाव और दबाव के कारण यूएफबीयू ने हर हफ्ते 5 वर्किंग दिन शुरू करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि 2015 में साइन किए गए 10वें द्विपक्षीय समझौते/7वें संयुक्त नोट में यह तय हुआ था कि हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी रहेगी और इसके बदले बाकी शनिवार पूरे वर्किंग दिन होंगे। प्रदर्शन में सहायक महा सचिव राज कुमार पूनिया, आशीष पंघाल (क्षेत्रीय सचिव), पंकज कौंडल (क्षेत्रीय सचिव), सरिता सोनी, सोनू जगलाल, जयपाल, राकेश, मुकेश वालिया, बीरेंद्र प्रसाद सहित हिसार के विभिन्न बैंकों के कर्मचारियों ने भाग लिया।

*पूरे सप्ताह की गतिविधियों की समीक्षा की*

## श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय में एनएसएस शिविर सम्पन्न

- प्राचार्या रेनू बंसल ने एनएसएस स्वयं सेविकाओं के कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी




हांसी। एनएसएस शिविर के समापन पर रैली निकाली स्वयं सेविकाएं।

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस शिविर का मंगलवार को सातवें दिन विधिवत समापन किया गया। शिविर के अंतिम दिन समापन- समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ पूरे सप्ताह की गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल ने एनएसएस स्वयं सेविकाओं के कार्यों की सराहना की। स्वयं सेविकाओं के द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, नशा- मुक्ति, महिला सशक्तिकरण तथा सामुदायिक सेवा से जुड़ी जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर डॉ. कुलदीप आर्य, डॉ. सिंपी मोहन व प्रियंका ने छात्राओं को कैरियर संबंधी गाइडेंस व टिप्स दिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रमता रानी ने शिविर की सफलता का श्रेय विद्यालय प्राचार्या स्वयं सेविकाओं, शिक्षिकाओं तथा विद्यालय प्रबंधन को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, सचिव नकुल कुमार अग्रवाल व सह- सचिव ईश्वर कुमार गोयल ने शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों, विद्यालय प्राचार्या कार्यक्रम अधिकारी एवं सहयोगी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

*शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण क्षेत्रों को जांचा*

## रक्षा मंत्रालय की टीम किया सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का निरीक्षण

- स्कूल की गतिविधियों के बारे में उन्हें पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सैनिक स्कूल सोसाइटी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सैनिक स्कूल कुंजपुरा के उपप्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल निर्मल जीत सिंह ने दो अन्य अधिकारियों की एक टीम के साथ सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का त्रैमासिक निरीक्षण किया। स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य द्वारा स्कूल पहुंचने पर उनका स्वागत किया।



हिसार। सैनिक स्कूल स्टाफ के साथ निरीक्षण करते लेफ्टिनेंट कर्नल निर्मल जीत सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा द्वारा स्कूल की गतिविधियों के बारे में उन्हें पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने स्कूल के विभिन्न हिस्सों जैसे शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण क्षेत्रों, छात्रावासों और कैडेट्स मेस आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल के सभी दस्तावेजों का निरीक्षण किया एवं विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन नए छात्रावास भवन का भी गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल निर्मल जीत सिंह ने न्यू सैनिक स्कूल द्वारा अपने अल्पकालीन अस्तित्व में शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सभी क्षेत्रों में प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रगति की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

*मंडलायुक्त गुप्ता ने उपायुक्तों के साथ की समीक्षा*

## निशानदेही के लंबित मामले तुरंत निपटाएं, अदालत केस में न हो देरी

**हिसार।** हिसार मंडलायुक्त रवि प्रकाश गुप्ता ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कार्यों में तेजी, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल एवं एसडीएम ज्योति मित्तल सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने डी-मार्केशन से जुड़े लंबित मामलों पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन मामलों में देरी के कारण आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि राजस्व से जुड़े मामलों का समयबद्ध निपटान करना सुनिश्चित करें और डी-मार्केशन कार्यों में भी तेजी लाई जाए। यदि किसी स्तर पर तकनीकी या प्रशासनिक अड़चन सामने आती है, तो उसे तुरंत उच्चाधिकारियों के समक्ष रखा जाए ताकि शीघ्र समाधान संभव हो सके।



वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त महेंद्र पाल।

### हरियाणा अपराध का अड्डा बना खुलेआम बिक रहा नशाः गर्ग

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा अपराध का अड्डा बनने के साथ-साथ खुलेआम नशा बिक रहा है। हरियाणा में व्यापारी व उद्योगपतियों के साथ हर रोज लूटपाट, फिरौती, हत्याओं की वारदातें हो रही हैं। सरकार व पुलिस प्रशासन हरियाणा में अपराध को रोकने में पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। बजरंग गर्ग मंगलवार को सिरसा में व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह भयभीत है। सरकार को व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता की जान माल की सुरक्षा पुख्ता से पुख्ता प्रबंध करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नशे का व्यापार पूरी तरह से फल-फूल रहा है। प्रदेश में खुलेआम नशा बिक रहा है। यहां तक की नशा कॉलेज के अंदर व बाहर तक बिक रहा है। हरियाणा में नशे के कारण युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। सरकार को नशे पर अंकुश लगाने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए। जो हरियाणा नशे की चपेट में आ चुका है, उस नशे से हरियाणा को बचाया जा सके। हरियाणा में नशा बढ़ने का मुख्य कारण बेहताशा बेरोजगारी है। सरकार को बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने की जरूरत है, ताकि व्यापार व उद्योगों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा बेरोजगारों को रोजगार मिल सकें। इस मौके पर सिरसा जिला प्रधान हीरालाल शर्मा, शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग, युवा प्रधान हेमंत गुप्ता, पीशोरी लाल चुघ, संदीप बिश्नोई, ईश्वर गोयल, रमेश गोदारा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

**प्रतिभा प्रदर्शन** — श्री काली देवी विद्या मंदिर अंतर सदनीय वालीवाल व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

*कबड्डी प्रतियोगिता में शक्ति सदन द्वितीय स्थान पर रहा, विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया*

# कबड्डी में कीर्ति व वालीवाल में प्रगति सदन की टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में मंगलवार को नवमी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-सदनीय वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता विद्यालय के चारों सदनों शक्ति, कीर्ति, प्रगति एवं ज्योति के मध्य आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल भावना का सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भव्य मार्च-पास्ट के साथ हुआ, जिसमें प्रत्येक सदन के कैप्टन एवं वाइस-कैप्टन ने अपने सदन के खिलाड़ियों के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता मेहता को सलामी दी। विद्यालय प्राचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा नारियल फोड़कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में कीर्ति सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शक्ति सदन द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रगति सदन ने प्रथम स्थान तथा ज्योति सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रभावी परिचय दिया। समापन अवसर पर सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।



हांसी। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या गीता मेहता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### नववर्ष शरद ऋतु उत्सव पर मंदिर में कार्यक्रम कल

**सिरसा।** शहर के नौहरिया बाजार में स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर में 1 जनवरी को नववर्ष शरद ऋतु उत्सव के अवसर पर श्री श्याम भजनामृत वर्षा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में श्याम लाडली वैष्णवी जनवेजा (सूरतगढ़) श्री श्याम बाबा का मधुर भजनों के माध्यम से गुणगान करेगी। मंदिर परिसर को उत्सव के अवसर पर भव्य रूप से सजाया जाएगा, वहीं नववर्ष के उपलक्ष्य में बाबा श्याम का कोलकाता के पुष्पों से भव्य अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

### जरूरतमंद बच्चों को गर्म टोपी, जुराबें व फल वितरित

**सिरसा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा रजि. जिला सिरसा की ओर से सर्दी के मौसम को देखते हुए राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला सरसाई नाथ मंदिर वाली गली में जरूरतमंद बच्चों को गर्म टोपी व जुराबें वितरित की गई। जिला अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि सर्दी के मौसम में अनेक अभिभावक ऐसे होते हैं, जो अपने बच्चों को संसाधन उपलब्ध नहीं करवा सकते। बच्चों को सर्द मौसम में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से ऐसे जरूरतमंद बच्चों की भली भांति से मदद की जा सकती है।

### उमंग-श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी संग' कार्यक्रम आज

**सिरसा।** सांझ सेवा सोसायटी की ओर से नव वर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर को सूरतगढ़िया बाजार स्थित गुरुद्वारा दसवीं पातशाही में 'नए साल दी उमंग-श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी संग' महान गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा। सोसायटी के प्रधान सर्वजीत सिंह ऐलावादी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी नववर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर को गुरुद्वारा श्री दसवीं पातशाही में 'नए साल दी उमंग-श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी संग' महान गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा।

### सीडीएलयू के 13 शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के परीक्षकों के बोर्ड व शोध समिति की अनुशंसा पर 13 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। इन शोधार्थियों में तीन अंतरराष्ट्रीय शोधार्थी भी शामिल है। इसमें एक शोधार्थी शारीरिक शिक्षा विभाग, तीन शोधार्थी प्रबंधन विभाग, दो शोधार्थी लोक प्रशासन विभाग, एक शोधार्थी विधि विभाग, एक शोधार्थी भौतिक विभाग, एक शोधार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग व चार वाणिज्य विभाग से शामिल है।

### नववर्ष पर श्री सालासर धाम मंदिर में विशेष आयोजन

**सिरसा।** नववर्ष-2026 का आगाज धार्मिक आयोजन से होगा। इस हेतु विभिन्न संस्थाओं की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही है। टाऊन पार्क के निकट स्थित श्री सालासर धाम मंदिर में एक जनवरी की सायं 6 बजे श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। श्री सालासर मंदिर राजस्थान के पुजारियों द्वारा इस पाठ का वाचन होगा। श्री सालासर धाम मंदिर कमेटी के प्रधान गोपाल सर्राफ ने बताया कि नव वर्ष का श्री सुंदरकांड पाठ के आयोजन से स्वागत किया जाएगा।

### 22 साल बाद युवा अग्रवाल सभा के चुनाव 2 को

**टोहाना।** युवा अग्रवाल सभा के प्रधान पद के लिए चुनाव 2 जनवरी को सिंबल रोड स्थित अग्रवाल सभा कार्यालय में करवाए जाएंगे। यह जानकारी चुनाव समिति से अमित जैन ने दी। जैन ने बताया कि प्रधान पद के लिए गौरव बंसल और अमन सिंगला के बीच मुकाबला होगा। यह चुनाव सुबह दस बजे से तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 दिसम्बर को पूर्व प्रधान रोकी सिंगला ने अपनी कार्यकारिणी को भंग कर दिया था। उन्होंने बताया कि 22 साल में पहली बार युवा अग्रवाल सभा में चुनाव होंगे क्योंकि इससे पहले हर बार सर्वसम्मति से चयन हो जाता था।

---

### अंडर-14 नेशनल कबड्डी में गोल्ड जीतकर गांव का नाम रोशन करने वाली बिटिया ने पीजीआई रोहतक में ली अंतिम सांस

**अलविदा प्रतिज्ञा**

# कबड्डी की नेशनल चैम्पियन, खेल के मैदान की शेरनी और सुनहरी यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बमुश्किल एक साल पहले जिस बेटी ने महाराष्ट्र की धरती पर अपनी फुर्ती और जज्बे से देशभर के धुरंधरों को धूल चटाकर हरियाणा की झोली में स्वर्ण पदक डाला था, आज वह जिंदगी के मैदान में हार गई। लेकिन सच तो यह है कि प्रतिज्ञा हारी नहीं है, मौत अगर सामने से आकर कबड्डी के मैदान में लड़ती, तो यह 'बोनस क्वीन' उसे भी चित कर देती। फतेहाबाद के गांव भूथनकलां की शान और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा प्रतिज्ञा अब हमारे बीच नहीं रही। अंडर-14 नेशनल कबड्डी में गोल्ड मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन करने वाली इस बिटिया ने सोमवार सुबह पीजीआई रोहतक में अंतिम सांस ली। छाती में संक्रमण की एक छोटी सी शिकायत देखते ही देखते एक ऐसी त्रासदी में बदल गई, जिसने पूरे खेल जगत और विद्यालय परिवार को स्तब्ध कर दिया है। सरकारी स्कूल शिक्षा समिति के प्रधान कृष्ण ज्याणी ने बताया



फतेहाबाद। नेशनल चैम्पियन 'प्रतिज्ञा' जो अब हमारे बीच नहीं रही। *फोटो : हरिभूमि*

कि पिछले वर्ष जब 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में प्रतिज्ञा के नेतृत्व में हरियाणा की टीम ने गोल्ड मेडल जीता था, तब भूथनकलां का नजारा देखने लायक था। ढोल-नगाड़ों की थाप, गूंजते नारे और अपनी बेटी की सफलता पर गर्व से चोडी. छाती लिए ग्रामीणों ने उसका भव्य स्वागत किया था। वह सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि गांव की हर उस लडक़ी के लिए प्रेरणा थी जो अपनी सीमाओं को तोडक़र आसमान छूना चाहती थी।

#### कोच और शिक्षकों की नजर में एक 'अनमोल रत्न'

कोच प्रदीप ने कहा कि हमारे गांव की कबड्डी नर्सरी के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। प्रतिज्ञा की बोनस मारने की तकनीक इतनी सटीक थी कि विपक्षी टीमें दंग रह जाती थीं। स्कूल के खेल प्रशिक्षक अध्यापक डीपीई कुलदीप सिंह ने बताया, वह एक बेहद अनुशासित और होनहार छात्रा थी। हमें पूरा विश्वास था कि वह एक दिन इंडिया की जर्सी पहनकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेगी।

#### ग्रामीण और इलाका वासियों ने प्रतिज्ञा को नम आंखों से अंतिम विदाई दी

#### अधूरे रह गए सपने

प्रतिज्ञा का सपना था कि वह भारतीय टीम का हिस्सा बने और तिरंगे का मान बढ़ाए। उसके माता-पिता और स्कूल के प्रिंसिपल सहित पूरा एसएमसी परिवार सहित पूरा गांव और इलाका इस समय गहरे शोक में है। एक ऐसी खिलाड़ी जिसका नेतृत्व कौशल मिसाल था, आज शांति से विदा हो गई। कल देर शाम हुए अंतिम संस्कार में भारी संख्या में मौजूद रहकर ग्रामीण और इलाका वासियों ने प्रतिज्ञा को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। लोगों ने प्रतिज्ञा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'प्रतिज्ञा, तू चली गई लेकिन तेरी वो 'बोनस' वाली फुर्ती और स्वर्ण पदक की वो चमक इस गांव की गलियों और खेल के मैदानों में हमेशा गूंजती रहेगी। खेल जगत तुझे कभी नहीं भूलेगा। अलविदा, प्रतिज्ञा बिटिया!

---

### योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कर रहे हैं कार्य

# जिले में 2.63 लाख से अधिक लाभार्थी ले रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। विभाग द्वारा सरकार की विभिन्न पेंशन और सहायता योजनाओं के माध्यम से जिले में कुल 2,63,455 लाभार्थी सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं। विभाग का मुख्य लक्ष्य समाज के वंचित, बुजुर्ग, विधवा, और निराश्रित वर्गों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने बताया कि वर्तमान में 1,38,626 बुजुर्गों को 3,000 रुपये मासिक की दर से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता दिया जा रहा है। इसी प्रकार, 48,085 विधवा महिलाओं व 4,894 विधुर और अविवाहित व्यक्तियों को 3,000 रुपये प्रति माह की पेंशन प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बेटियों और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में भी विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना 2025 के तहत जिले की 42,833 बेटियों को कवर किया गया है, जिन्हें 2,100 रुपये की राशि दी जा रही है। इसके अलावा, 2,839 लाभार्थियों को 3,000 रुपये मासिक लाडली पेंशन और 11,297 निराश्रित बच्चों को (2100 रुपये प्रति बच्चा और अधिकतम 4200 रुपये दो बच्चों तक) वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। जो बच्चे किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, ऐसे 615 बच्चों को भी विभाग द्वारा 2,400 रुपये मासिक पेंशन देकर उनका सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा दिव्यांगों और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को भी आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जिले में 13,744 दिव्यांगजन, 302 कैंसर पीड़ित (स्टेज तीन और चार), 12 ट्रांसजेंडर और 7 बोने व्यक्तियों को 3,000 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है। साथ ही, एसिड अटैक की शिकार एक महिला को भी दिव्यांगता प्रतिशत के आधार पर सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, नेशनल फैमिली बेनिफिट स्कीम के तहत वर्ष 2025-26 में प्राप्त 40 लाख रुपये के बजट से 200 परिवारों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी पेंशन और भत्ते डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजे जा रहे हैं।



सिरसा। वाइस चेयरमैन जनकराज शेरपुरा को स्मृति चिह्न भेंट करते व्यापारी। *फोटो : हरिभूमि*

### वाइस चेयरमैन जनकराज शेरपुरा ने व्यापारियों के साथ की बैठक

**सिरसा।** मार्केटिंग बोर्ड के वाइस चेयरमैन जनकराज शेरपुरा ने भादरा बाजार में व्यापारियों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं का समाधान किया। जनकराज शेरपुरा भादरा बाजार में मैसर्ज सुरेश कुमार राकेश कुमार की दुकान पर पहुंचे जहां व्यापारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए जनकराज शेरपुरा ने कहा कि सरकार व्यापारियों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापार को सुगम बनाया है ताकि व्यापारियों को परेशानी न हो। जनकराज ने बैठक में मौजूद व्यापारियों की समस्याओं को बारीकी से सुना और फोन पर संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उनका समाधान किया। इस मौके पर करियाणा एसोसिएशन के प्रधान सुरेश गोयल ने कहा कि व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सुरेश गोयल ने कहा कि व्यापारियों की परेशानियों व दिक्कतों को सरकार तक पहुंचाकर उनका हरसंभव समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के सदस्य अशोक शर्मा, जयवीर बरासरी, सन्नी गोयल बृजलाल, होलसेल करियाणा एसोसिएशन के प्रधान सुरेश गोयल, सचिव सुनील कुमार, रोटरी क्लब से अनिल गोयल, राजेश सबलानिया, महेश बसल, सिरसा तूफान के संपादक सोमनाथ खुराना सहित भादरा बाजार के अनेक व्यापारी मौजूद रहे।



### प्राइमरी स्कूल में कोबरा सांप दिखने से मची अफरा-तफरी

**टोहाना।** राजकीय प्राइमरी स्कूल बलियावाला में खतरनाक कोबरा सांप दिखाई देने से अफरा तफरा मच गई। इस दौरान स्कूल अध्यापकों ने सूझबूझ दिखाते हुए बच्चों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और इसकी सूचना पशु क्रूरता निवारण समिति फतेहाबाद के सदस्य नवजोत सिंह ढिल्लों को दी। सूचना मिलते ही नवजोत सिंह ढिल्लों बिना देरी किए मौके पर पहुंचे और पूरी सावधानी के साथ कोबरा सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान नवजोत सिंह ढिल्लों ने बताया कि कोबरा सांप का जहर न्यूरोटॉक्सिन होता है, जिसका असर 15 मिनट के भीतर शरीर पर शुरू हो सकता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सांप काटने की स्थिति में तांत्रिक, झाड़-फूंक या किसी भी तरह के देसी इलाज का कोई प्रभाव नहीं होता। सांप काटने का एक ही मात्र सही और सुरक्षित इलाज है इसलिए अस्पताल में इलाज कराना चाहिए।

### पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली का बराला पर कटाक्ष

# 'हमें तो अपनों ने लूटा गैरों में कहां दम था मेरी कश्ती वहां डूबी जहां पानी कम था'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

हरियाणा भाजपा में तकरार कम होने का नाम नहीं ले रही है, एक तरफ जहां फरीदाबाद में भाजपा के मंत्रियों के बीच तनातनी देखने को मिलती है। वहीं टोहाना में भी राज्यसभा सांसद सुभाष बराला और पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली के बीच 36 का आंकड़ा किसी से छुपा नहीं है। मंगलवार को किसान विश्राम गृह में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में पहुंचे पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने 2024 विधानसभा चुनाव में हुई अपनी हार का ठीकरा राज्यसभा सांसद सुभाष बराला पर फोड़ते हुए बिना नाम लिए कटाक्ष किया। बबली ने कहा, हमें तो अपनों ने लूटा गैरों में कहां दम था मेरी कश्ती वहां डूबी जहां पानी कम था। पूर्व मंत्री बबली ने कहा कि पिछले 2019 में चुनाव में उन्हें एक लाख से अधिक वोट मिले जबकि अब उन्हें 80 हजार वोट मिले बीस हजार वोट का अंतर रहा है। उन्होंने कहा कि टोहाना की जनता 2015 से 2019 के बीच का कार्यकाल, राज्यसभा सदस्य सुभाष



टोहाना। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली का स्वागत करते भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

बराला जब विधायक थे (बिना नाम लिए) तथा 2019 से 2024 के बीच के कार्यकाल को जानती और समझती है। बबली ने कहा कि उनके पंचायत मंत्री पद पर रहते हुए पूर्व सीएम मनोहर लाल के सहयोग से हरियाणा के पंचायत विभाग में भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम किया वहीं टोहाना में भी उनके कार्यकाल के दौरान किसी अधिकारी की जेब काटने की हिम्मत नहीं होती थी अब फिर से कुछ लोग पैर पसारने का प्रयास कर रहे हैं।

**बैठक** | कर्मचारियों की समस्याओं के बारे अवगत करवाएंगे रोडवेज कर्मचारी

# 18 जनवरी को परिवहन मंत्री आवास पर अंबाला छावनी में होगा न्याय मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की मंगगलवार को सिरसा डिपो में बैठक हुई। बैठक में शामिल कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए सांझा मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य राज्य कमेटी सांझा मोर्चा से राज्य प्रभारी राजवीर दुहन, राज्य प्रेस सचिव सुरेंद्र रानियां, कुलदीप पावड़ा राज्य उप प्रधान, चिमन स्वामी राज्य महासचिव, लादू राम लूणा राज्य कमेटी सदस्य, कुलविंद्र कोटली, राजकुमार शीला, कुलवंत, पृथ्वी चाहर राज्य प्रेस सचिव, रणजीत



सिरसा। बैठक करते रोडवेज कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

बाजवा ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं एवं आम व्यक्ति की पसंद सुरक्षित एवं सस्ती परिवहन सेवा का निजीकरण करके पूंजीपतियों के हवाले कर रही हैं। योजना की ठेके की इलेक्ट्रिक बसों व ठेके की किलोमीटर स्कीम की बसों को रोडवेज विभाग में बिना मांग के लगातार शामिल किया जा रहा है। योजना की ठेके की बसों से रोडवेज विभाग को घाटा हो रहा हैं। दूसरी ओर मंत्री एवं विधायक अपने-अपने विधानसभा के हर गांव में सरकारी बसें चलवाने के आदेश रोडवेज अधिकारियों को दे रहे हैं। जबकी रोडवेज विभाग के पास सभी गांवों में सरकारी बस भेजने के लिए पर्याप्त बसें नहीं हैं। प्रदेश की जनसंख्या के आधर पर सरकार नई सरकारी बसों को खरीदकर रोडवेज बेड़े में शामिल करे, जिससे हजारों बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलेगा। आज रोडवेज विभाग में चालक, परिचालकों व कर्मशाला के कर्मचारियों की कमी होने के कारण मौजूदा कर्मचारियों पर काम बोझ बहुत बढ़ गया है।

#### कर्मचारी न के बराबर रह गए

आज रोडवेज विभाग में चालक, परिचालकों की बहुत कमी है। बसों की मरमत करने के लिए कर्मचारी ना के बराबर रहे गए हैं। चालक, परिचालकों की कमी एवं बसें मरम्मत समय पर न होने के कारण बसें खड़ी रहती हैं। रोडवेज विभाग में हजारों पद खाली पड़े हैं। आम जनता को परिवहन सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा हैं।

---

## खबर संक्षेप



### किसानों व एसोसिएशन प्रधान का विवाद निपटा प्रधान ने अपशब्दों के लिए मांगी क्षमा

**सिरसा।** एग्रीकल्चर डवेलपमेंट एसोसिएशन के प्रधान राधे गांधी द्वारा किसान नेताओं पर की गई टिप्पणी विवाद को लेकर किसानों व एग्रीकल्चर डवेलपमेंट एसोसिएशन की मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में राधे गांधी ने किसान नेताओं से क्षमा याचना की जिस पर विवाद का पटाक्षेप हो गया है। राधे गांधी ने अपनी व्यापारिक पीड़ा को व्यक्त किया और अपने गलत शब्द के लिए खुले मन से किसान नेताओं से क्षमा मांगी और संयुक्त किसान मोर्चा से आह्वान किया कि मिल बैठ कर ही समस्याओं का समाधान निकालने का मार्ग चुना जाना चाहिए। व्यापारी और किसान दोनों के हितों की रक्षा जरूरी है। एसोसिएशन के जिला प्रधान गौरीशंकर खोथ ने भी कहा कि शब्द गलत हुआ है तो उसका खेद है, लेकिन आपसी तालमेल बना रहे यह सबकी जिम्मेदारी है। जिला प्रधान हीरा लाल ने कहा कि वो 32 साल से व्यापारियों के लिए संघर्ष करते रहे हैं, ऐसे मुकाम आते रहते हैं, जहां अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए शब्द फिसल जाते हों, लेकिन कोई भी पक्ष इसे अहम का विषय ना बनाएं और किसान और व्यापारी मिलकर समाज निर्माण में भूमिका निभाएं।



### जन सहयोग के माध्यम से नशा और अपराधों पर नकेल कसी जाएगी: एएसपी

**चोपटा।** सिरसा के एडिशनल पुलिस अधीक्षक फैसल खान ने कहा कि नशा व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीण पुलिस का सहयोग करें और छोटे-मोटे झगड़ों को पंचायत स्तर पर निपटाए। एएसपी फैसल खान मंगलवार को सिरसा जिले के गांव नाथूसरी व रामपुरा ढिल्लो में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और उनका निदान किया। एएसपी ने कहा कि गांवों में आपसी सहमति से ठीकरी पहरा भी लगवाना सुनिश्चित करें तथा अगर गांव में किसी प्रकार का संदिग्ध किस्म का व्यक्ति, वाहन अथवा कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते हुए उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त व अपराध मुक्त बनाने के लिए ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी, तभी हम नशा मुक्त समाज की कल्पना कर सकते हैं। उन्होने कहा कि सिरसा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के काफी सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं।



### वाणिज्य भवन में शिविर, 30 यूनिट रक्त एकत्र

**सिरसा।** सिरसा के नागरिक अस्पताल की ओर से लघु सचिवालय परिसर स्थित वाणिज्य भवन में रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ डीईटीसी अंजु सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है, जिससे आपात स्थिति में मरीजों की जान बचाई जा सकती है। स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए, ताकि अस्पतालों में रक्त की कमी न हो। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई अल्टरनेट नहीं होता, यह केवल एक व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति को दे सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए नागरिक अस्पताल की टीम के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर ईटीओ सुरेंद्र गोदारा, आदेश हुडा, हंसराज, टीआई मनोज कुमार, सतबीर सिंह, नवीन, एईटीओ राकेश मेहता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### छात्रों को दी प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन फस्ट एड के बारे में विद्यार्थियों को फस्ट एड अधिकारी भूपेंद्र देव द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेंद्र देव ने बच्चों को बताया कि कोई भी घटना के बाद तुरंत जो सहायता दी जाती है, वह फस्ट एड कहलाती है। अगर यह सहायता समय पर दे दी जाए तो मरीज की या जो व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, उसकी जान बचाई जा सकती है और यह जानने के लिए आपको फस्ट एड की बारीकियों के बारे में पता होना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गिरी ने बताया कि रोजाना की कड़ी में आज बच्चों ने फस्ट एड के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की, जिससे किसी न किसी की मुसीबत में जान बचाई जा सकती है और प्रत्येक नागरिक व प्रत्येक स्वयं सेवक को यह जानकारी होना अति आवश्यक है।